हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 दिसंबर 2025

04 तालबेहट में बाल श्रम रोकने चलाया गया विशेष...



07 जिम्मेदारों ने नपा को आत्मनिर्भर बनाने के...





## खबर संक्षेप

### धरना प्रदर्शन 17 दिसंबर को

**सागर।** बुंदेलखंड नागरिक संघर्ष मोर्चा का रेल सुविधाओं के विस्तार, राहतगढ़ बस स्टैंड ओवर ब्रिज को जन उपयोगी बनाए जाने और प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर ऑटो स्टैंड बनाए जाने की मांग को लेकर 17 दिसंबर दिन बुधवार दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक के सामने मोर्चा संरक्षक रघु ठाकुर की उपस्थिति में प्रदर्शन और ज्ञापन का आयोजन किया गया है।

### माता वैष्णोदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

### पूर्व सैनिकों के आश्रितों हेतु छात्रवृत्ति आवेदन 18 दिसंबर तक आमंत्रित

**सागर।** सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के तहत छात्रवृत्ति योजना हेतु पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सागर जिले में निवास करने वाले पात्र लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि वे कक्षा प्रथम से लेकर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तक की छात्रवृत्ति के लिए अपने आवेदन निर्धारित समयावधि में अवश्य प्रस्तुत करें। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर ने बताया कि इच्छुक आवेदक अपना आवेदन 18 दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कार्यालय ने सभी पूर्व सैनिक परिवारों से अपील की है कि वे समय सीमा का पालन करते हुए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय पर मिल सके। अधिक जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिल रहा है प्रोटीन युक्त भोजन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर जिले की 2633 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषणयुक्त भोजन वितरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से रोटी सहित अन्य भोजन आंगनवाड़ी में अध्ययनरत बच्चों को प्रदान किया जाने लगा है। विगत दिवस कलेक्टर संदीप जी. आर. ने निर्देश दिए थे कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान किया जाए जिसमें रंगीन रोटी के साथ-साथ सब्जी भी प्रोटीन युक्त रहे। इसी कड़ी में अब आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित होने वाली रोटी जिसमें मुनंगा सहित अन्य प्रोटीन का मिश्रण करके रोटी तैयार की जा रही है और सब्जी वितरित की जा रही है। इसी प्रकार दाल, सब्जी में भी मुनंगा एवं अन्य प्रोटीन डालकर तैयार कर परोसा जा रहा है। महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी. आर. की यह पहल आंगनवाड़ी में अध्यनरत बच्चों के लिए अच्छी लग रही है और इस खाने को देखकर लगातार केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति भी सुनिश्चित हो रही है।

---

आधा दर्जन बदमाशों ने चाकू और कटर से किया उत्पात

# भरे बाजार में सहमे लोग: सागर में चाकूबाज बदमाशों का आतंक, विजय टॉकीज रोड पर हुआ चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर शहर के व्यस्ततम इलाके कटरा बाजार से विजय टॉकीज रोड पर शनिवार रात 8:30 बजे हिंसक घटनाक्रम घटा. आधा दर्जन युवकों ने मुंह पर रुमाल बांधकर हाथों में चाकू और कटर लेकर राह चलते लोगों और दुकानदारों पर हमला किया। एक युवक के सिर पर शराब की बोतल फोड़ी गई, जिससे इलाके में अफरातफरी फैल गई. पुलिस के देर से पहुंचने पर नाराज लोगों ने विजय टॉकीज रोड पर चक्काजाम कर दिया। यह घटना न केवल नागरिकों की सुरक्षा पर सवाल उठाती है बल्कि सागर में कानून व्यवस्था की संवेदनशीलता को भी उजागर करती है।




### बदमाशों ने की दुकानों में तोड़फोड़

बदमाश हाथों में चाकू लहराते और गाली-गलौज करते हुए पूरे इलाके में दहशत फैलाते रहे। मारपीट के दौरान घायल युवक ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आरोपियों ने माता मढ़िया के पास स्थित प्रकाश जनरल स्टोर में भी तोड़फोड़ की और संचालक के साथ अभद्रता की। इसके अलावा, सड़क पर गुजर रहे ऑटो चालक और बाइक सवारों के साथ भी मारपीट की गई, जिससे आसपास के लोग भयभीत हो गए। इस हिंसक कृत्य ने इलाके में सुरक्षा संकट की तस्वीर पेश कर दी।

### पुलिस की देर से प्रतिक्रिया और जनता का विरोध

घटना की सूचना मिलने के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन समय पर पहुंचने में असमर्थता के कारण लोगों ने विजय टॉकीज रोड पर चक्काजाम किया। गुस्साए नागरिकों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और समझाइश देकर लोगों को शांत कराया। इस घटना ने पुलिस की तत्परता और व्यवस्था नियंत्रण पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गया है। फुटेज में बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधे उत्पात मचाते और लोगों से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की हैं। फुटेज का विश्लेषण कर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। वीडियो और प्रदर्शन के दृश्य सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं, जिससे प्रशासन दोनों के लिए दबाव बढ़ गया है।

---



### पूर्व मंत्री भार्गव के निवास पहुंचे उपमुख्यमंत्री

**गढाकोटा।** पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के गढाकोटा निज निवास गणनायक पर प्रतिदिन आयोजित होने वाली भगवान श्री सिद्धिविनायक की संध्या कालीन आरती में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला श्रद्धा भाव से सम्मिलित हुए। आरती के दौरान उन्होंने भगवान सिद्धिविनायक से प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आरती के दौरान मंत्रोच्चार और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

---

## सांसद खेल महोत्सव: एसडीओपी मिश्रा और विक्रम जैन ने जीता बैडमिंटन में डबल खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दमोह लोकसभा क्षेत्र में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 में रहली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन प्रतियोगिता के 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में रहली के विक्रम जैन और एसडीओपी प्रकाश मिश्रा की जोड़ी ने दमोह की अनुभवी टीम को सीधे सेटों में पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दमोह के इंडोर स्टेडियम में 11-13 दिसम्बर को आयोजित बैडमिंटन प्रतिस्पर्धाओं में दमोह लोकसभा क्षेत्र की सभी विधान सभाओं के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रहली के प्रतिभागियों ने इस महोत्सव में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें कुछ खिलाड़ी सेमीफाइनल तक भी पहुँचे।40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष डबल्स में विक्रम जैन और प्रकाश मिश्रा ने अपनी खेल भावना और जीवटता का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को किसी भी सेट में टिकने नहीं दिया और निर्णायक जीत दर्ज की। रहली के इन दो खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर स्थानीय बैडमिंटन क्लब रहली में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्लब अध्यक्ष शशिकांत शर्मा, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रजापति, सलामत खान, डॉ बसंत नेमा, डॉ नीरज पटेल (पशु चिकित्सक), दिनेश सेन, नवीन जैन लच्छु दादा और अन्य सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया और उन्हें हार्दिक बधाई दी।

---

## राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद बाबू की कथा की कलश यात्रा का कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया भव्य स्वागत

**सागर।** पिछले 16 वर्षों से राष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद बापूजी द्वारा सागर में निरंतर कथा का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी सागर को बापूजी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने का पावन अवसर प्राप्त होने जा रहा है। कथा खेल परिसर के बाजू वाला मैदान पर 15 दिसंबर से 21 दिसंबर आयोजित होना है। 14 दिसंबर को पूज्य बापूजी का सागर आगमन हुआ। इस उपलक्ष्य रविवार को दोपहर 1:00 बजे विशाल वाहन रैली एवं कलश यात्रा मोती नगर से प्रारंभ हुई और खेल परिसर प्रांगण में जाकर संपन्न हुई। यात्रा का शहर के हृदय स्थल तीनबत्ती पर जिला शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने भव्य स्वागत किया। यात्रा में मुख्य यजमान प्रतिभा अनिल तिवारी जो कलश लेकर चल रही थी, शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कलश की पूजा अर्चना की। स्वागत कर्ताओं में सेवादल परिवार से अन्नू घोषी, रवि जैन, लकी पंडा, आकाश चौधरी, राकेश जैन, तरूण सैनी, आकाश नामदेव, अमन, बाबू, शिव शंकर मिश्रा, मयंक वेद, अजय श्रीवास्तव, तरुण बड़ोनिया सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।



---

## सीधी सिविल सर्जन खरे को बर्खास्त करने शिवसेना ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** सीधी जिले के सिविल सर्जन एस बी खरे को बर्खास्त करने एवं शिवसेना नेता विवेक पांडेय सीधी की गिरफ्तारी के विरोध में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के सागर आगमन पर शिवसैनिको ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उलेखित है कि सीधी शहर के नागरिकों की स्वास्थ सुविधाओ से खिलवाड़ किया जा रहा है । अस्पताल में मरीज़ों को दबाईया नहीं मिलती जिस कारण मरीज़ दबाओ के अभाव में तड़प तड़पकर अपनी जान दे रहे हैं। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि एसबी खरे सिविल सर्जन है तो वही उनकी धर्मपत्नी डॉ बबीता खरे सी,एम,एच,ओ के पद पर पदस्थ है। जिन्होंने सरकारी अस्पताल के सामने अपनी निजी क्लिनिक खोल रखी है जो नियम विरुद्ध है । मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के तहत सरकारी डॉक्टरो द्वारा निजी प्रैक्टिस प्रतिबंधित है इनके भ्रष्टचार की पराकाष्ठा जगजाहिर है। ग़रीब मरीजों के हित मे आन्दोलन करने वाले शिवसेना नेता विवेक पांडेय को साजिश के तहत गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया। शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा सिविल सर्जन खरे का सीधी अस्पताल में आतंक चल रहा है। सरकारी अस्पताल की मनमानी की कबरेज करने वाले पत्रकारो को बंधक बनाकर प्रताड़ना दी जाती है जो कतई उचित नहीं हैं। उप मुख्यमंत्री ने शिवसेना के पदाधिकारियों को आश्वास्त किया शीघ्र ही सिविल सर्जन पर सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

---

क्षत्रिय महासभा की रानगिर बैठक में वैवाहिक पत्रिका का विमोचन

# संस्कारित, चरित्रवान नागरिकों को आगे बढ़ाने से समाज की प्रतिष्ठा बढ़ेगी: विधायक भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समाज को धर्म, संस्कृति और संस्कारों की ओर ले जाना है और नशे से बचाना है। समाज के संस्कारित और चरित्रवान लोगों को आगे बढ़ाने से समाज की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास की तरह समाज की बेटियों के लिए तहसील और ब्लाक स्तर पर छात्रावासों की व्यवस्था करना चाहिए। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने रानगिर में आयोजित जिला क्षत्रिय महासभा सागर की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज की वैवाहिक पत्रिका का विमोचन किया गया साथ ही रानगिर स्थित गुफा मंदिर स्थल पर निर्माण कार्य के लिए अपनी ओर से 5 लाख रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा की।

लगभग 1500 से अधिक क्षत्रिय समाज जनों की उपस्थिति में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि दुनिया में उसकी पूजा होती है जो निस्वार्थ देता है लेता कुछ नहीं। हम सभी को प्रकृति से यह शिक्षा मिलती है। उन्होंने बताया कि सूर्य, चंद्रमा, समुद्र, नदियां, वृक्ष इसलिए पूजे जाते हैं क्योंकि ये बिना प्रतिदान लिए दुनिया को प्रकाश,वर्षा, जल, फल, छाया उपलब्ध कराते हैं। इसी प्रकार जो भी समाज के उत्थान के लिए समय और धन दे उसका सम्मान होना चाहिए। शास्त्रों में लिखा है कि स्वार्थी व्यक्ति सूखी लकड़ी के समान है जिससे न छाया मिलती है और न ही फल। परोपकार धर्म है और दूसरों को पीड़ा देना पाप है। उन्होंने कहा कि दानवीर कर्ण ने इंद्र के मांगने पर अपने कवच -कुंडल तक दान में दे दिए थे यही क्षत्रियों का इतिहास रहा है।



उन्होंने कहा कि हमें क्षत्रिय समाज को आदर्श समाज बनाना है। समाज को आर्थिक, शैक्षणिक रूप से सशक्त होना चाहिए। शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है इसी से आने वाली पीढ़ी सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ सकेगी। यदि हमारा जीवन सादगीपूर्ण और व्यसन विहीन हो तो अपव्यय रुकता है और आर्थिक सक्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत करना हमारी संस्कृति में नहीं था। क्षत्रिय युद्ध पर भी जाता तो तिलक और आरती से उसका स्वागत सम्मान होता था। हमें फूल मालाओं की जगह रोरी के लिलक से स्वागत की परंपरा पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि फूल मालाओं की जगह बच्चों के शिक्षण में काम आने वाली सामग्री भेंट करें।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने समाजजनों से कहा कि हर तहसील ब्लाक में 20-25 सक्षम लोग समाज की बेटियों को शिक्षा में आगे बढ़ाने के लिए आगे आएं, आर्थिक सहयोग से किराये की जगहें लेकर दस बीस छात्राओं का निःशुल्क कन्या छात्रावास संचालित करें। बेटियां पढ़ेंगी तो समाज तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में क्षत्रिय समाज की वैवाहिक पत्रिका के प्रकाशन पर चर्चा हुई थी। इसको क्रियान्वित करते हुए हमारे कार्यालय ने पहल करते हुए वैवाहिक पत्रिका का आज विमोचन समाज जनों ने किया है जिसमें 45 विवाह योग्य युवक युवतियों के बायोडाटा हैं। इस पत्रिका में प्रति माह नाम जुड़वाने के लिए कार्यालय में नाम दिए जा सकते हैं। इस पत्रिका में समाज तथा हमारे महापुरुषों के इतिहास व सामाजिक गतिविधियों, उपलब्धियों आदि पर लेख भी प्रकाशित किए जा सकते हैं। समाज के युवाओं की झिझक तोड़ना जरूरी है इसके लिए क्षत्रिय महासभा की महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह आगे आकर एक परिचय सम्मेलन आयोजित करें जिसमें समाज के युवक युवतियां अपना परिचय दे सकें।

---

## रफ्तार का कहर: गढाकोटा के रहली रोड पर अज्ञात वाहन ने मारी बाइक सवार को टक्कर

### मृतक कि हरदौट ग्राम के परसू अहिरवार नाम की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढाकोटा रफ्तार का कहर जारी है शुक्रवार कि रात हुई दुर्घटना में जहां दो लोगों कि दमोह रोड पर दर्दनाक मौत हुई थी तो शनिवार कि रात गढाकोटा के रहली रोड पर एक अज्ञात वाहन ने फिर एक बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसे सिर में गंभीर चोट आने के उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक कि पहचान परसू पिता हल्लाई अहिरवार निवासी हरदौट के रूप में हुई है वहीं मौके पर पहुंची थाना पुलिस व 112 कि मदद से मृतक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया । घटना के संबंध में थाना गढाकोटा में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक संजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक मोटर साइकिल चालक परसू पिता हल्लाई अहिरवार उम्र 38 वर्ष निवासी हरदौट जिसे किसी अज्ञात वाहन ने तेज गति व लापारवाही पूर्वक वाहन चलाकर उसकी मोटर साइकिल पर टक्कर मार दी जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। डेडवाडी को सुरक्षित पीएम हाउस में रखवाया गया अग्रिम वैद्धानिक कार्रवाई की जा रही है।




## राष्ट्रीय शिक्षा नीति, महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश की जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले हायर सेकंडरी विद्यालयों में 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया हेतु प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती के निर्देशन में गठित समिति द्वारा अभियान के प्रथम चरण में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा में कॉलेज चलो अभियान चलाया गया। नोडल अधिकारी आकृति खरे ने नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत मेजर, माइनर, बहुविषयक विषय, रोजगार परक शिक्षा, व्यावहारिक शिक्षा के लिए इंटर्नशिप का प्रावधान, चॉइस बेस्ड क्रैडिट सिस्टम एवं बहुआगमन और बहुनिर्गमन की सुविधा को विस्तार से विद्यार्थियों के साथ साझा किया। संयोजक शिम्पी मौर्या ने महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं पुस्तकालय के बारे में बताया। पुष्पेंद्र वर्मन ने महाविद्यालय का परिचय देते हुए उपलब्ध पाठ्यक्रमों और सुविधाओं की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की । भगवत पांडेय ने हितग्राही योजनाओं और समस्त छात्रवृत्तियों की जानकारी दी। सचिन चौबे ने ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेने प्रेरित किया। बृजलाल अहिरवार ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कक्षा 12वीं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के पश्चात महाविद्यालय मेंअधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महाविद्यालय भ्रमण के लिए भी आमंत्रित किया। अंत में सभी विद्यार्थियों से कार्यक्रम का फीडबैक लिया गया। कॉलेज चलो अभियान में स्कूल के स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## छात्र-छात्राओं को कराया पाकल धाम व पटनेश्वर धाम का शैक्षणिक भ्रमण

**गढाकोटा।** रविवार को शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला रमना के 50 छात्र- छात्राओं को पाकल धाम एवं पटनेश्वर धाम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान पाकल धाम गुफा हनुमान मंदिर में एवं पटनेश्वर धाम में भगवान के दर्शन किए। इस बीच वाटरफॉल झरना घुमाया एवं प्रधानाध्यापक देवेंद्र पंथी ने पाकल धाम के बारे में विस्तार से छात्र छात्राओं को बताया। इस यात्रा के माध्यम से बच्चों को बहुत कुछ ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी प्रदान की गई । पंथी ने बताया कि बच्चों को बाहरी शिक्षा के बारे में जानकारी हासिल हो और जिससे उनका बौद्धिक स्तर सुधरता है इस प्रयास से बच्चों को भ्रमण पर भेजा गया। इस यात्रा के माध्यम से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिला। बच्चों ने और भी अन्य खेल खेलकर लुफ्ट उठाया। बच्चों ने पूरे भ्रमण के दौरान बहुत ही अच्छा आनंद महसूस किया। सभी को सामूहिक भोज भी कराया गया। भ्रमण में छात्र-छात्राएं प्रफुल्लित हुए । इस दौरान विद्यालय का स्टाफ में हरिशंकर शिल्पी, नत्थी बाई विश्वकर्मा, गोविंद गुड़ारे, सुनीता पंथी, सुलेखा साहू मौजूद रही। शाला स्टाफ ने अपने स्वयं के व्यय से बच्चों को निशुल्क भ्रमण कराया गया जिसकी अभिभावकों ने शाला स्टाफ की सराहना की।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### थानाध्यक्ष जाखलौन लाइन हाजिर

**ललितपुर।** थानाध्यक्ष जाखलौन अभिषेक सिंह को जन शिकायती प्रार्थना पत्रों (आईजीआरएस) का समयबद्ध व सही तरीके से निस्तारण न करने व कार्यों में शिथिलता बरतने को लेकर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के आदेशानुसार तत्काल प्रभाव से 12 दिसम्बर को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### महिला से मांगा मोबाइल नंबर, विरोध पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत ग्राम डुलावन में रहने वाली अन्नू पत्नी राहुल कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 11 दिसम्बर को शाम करीब 4 बजे वह पानी भरकर घर आ रही थी, तभी रास्ते में गांव के नीरज पुत्र राकेश कुशवाहा ने उसे रोक लिया और मोबाइल नम्बर मांगने लगा। विरोध करने पर उसने गालियां दीं और उसके भतीजे संजीव आ गया, जिसने देखते हुये गालियां देने से मना किया तो नीरज ने संजू को लाठियों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में नीरज व उसके चाचा महेन्द्र उर्फ मंटू पुत्र रूपलाल कुशवाहा शामिल रहे। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मंदिर से लौट रहे युवक पर हमला

**ललितपुर।** थाना पूराकलां अंतर्गत बिरधा निवासी शिवकांत पुत्र हरीशंकर दुबे ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 11 दिसम्बर को शाम करीब 6 बजे उसका भाई रमाकांत दुबे मंदिर से आ रहा था। तभी रास्ते में गांव के सोहन, शेरसिंह, मुलायम सिंह, महाराज सिंह, प्रान सिंह पुत्र जशरथ, चन्दन पुत्र सोहन, जितेन्द्र पुत्र लाल सिंह लोधी ने उसके भाई को गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। उसका भाई चिल्लाया तो गांव के तखत सिंह पुत्र गुलाब सिंह, राममिलन पुत्र बेचैन सिंह लोधी दौड़कर आये और ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। आरोप है कि हमले में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया तो वहीं उसकी मोटर साइकिल व मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भाजपाइयों ने की शोकसभा

**ललितपुर।** मंत्री पीआरओ राघवेन्द्र पटैरिया उर्फ टीटू पटैरिया के पिताजी सत्यनारायण पटैरिया के निधन एवं भाजपा के मण्डल प्रभारी राजेश लिटौरिया के भाई विनीत लिटौरिया के निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं पवित्र आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, प्रान्तीय प्रतिनिधि शशिशेखर पाण्डेय, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, पूर्व उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर पंथ आदि उपस्थित रहे।

### गुलेल से आंख घायल करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना में गुलेल से पत्थर मारकर मजदूर की आंख गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है, वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाहिद पुत्र मुनव्वर शाह शनिवार सुबह करीब 10 बजे मजदूरी करने जा रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद एक महिला सहित एक युवक जो दोनों कबूतरा जाति के है,ने बिना किसी कारण के गुलेल में पत्थर लगाकर जाहिद पर चला दिया, जिससे उसकी सीधी आंख में गंभीर चोट आ गई। घटना के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए।

# स्कूली बच्चों के पल्स पोलियो अभियान को सदर विधायक ने दिखाई हरी झंडी

## अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सदर विधायक ने पीएन इंटर कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर सघन पल्स पोलियों अभियान की रैली को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चे को पोलियो वैक्सीन पिलाने से कोई नुकसान नहीं है बल्कि इससे फायदा है।

पोलियों की वैक्सीन से हम बच्चों की जिंदगी को बेहतर और सुरक्षित बनाये रख सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियों वैक्सीन पिलाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद ने बताया कि 14 दिसम्बर 2025 को जिले में जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जो बच्चे बूथ दिवस पर दवा पीने से छूट जायेंगे उन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीमें 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर (सोमवार से शुक्रवार) तक घर-घर जाकर दवा पिलाने का काम करेंगी। इसके बाद भी जो बच्चे छूट जायेंगे उन्हें 22 दिसम्बर को दवा पिलाई जायेगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने की अपील की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा शिवप्रकाष ने बताया कि इस कार्यक्रम हेतु आषा एवं एएनएम को प्रषिक्षित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हैल्थ स्पेषलिस्ट डा



सौरभ सक्सेना ने बताया कि रैली के माध्यम से आगामी सघन पल्स पोलियों अभियान हेतु जनसामान्य को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अवधेष चन्द्र यादव, परामर्षी चिकित्सक डा हुसैन खॉन, पीएन इण्टर कॉलेज ललितपुर के प्रधानाचार्य अजय सक्सेना, सहायक अध्यापक विकास कुमार, विवेक गुप्ता, इन्द्रमणि यादव, पियूश हुण्डैत, बलराम मिश्रा, हरिशंकर तिवारी, चिकित्सा अधिकारी डा राजेश भारती, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एसएमओडब्लूएचओ डा सुमित बघेल डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन, मनोज रावत आदि उपस्थित रहे।

## गोष्ठी की, भ्रमण कर व्यापारियों को जागरुक किया गया

# तालबेहट में बाल श्रम रोकने चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रम विभाग द्वारा नगर क्षेत्र तालबेहट में बाल श्रम रोकने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने संयुक्त टीम सहित तालबेहट क्षेत्र के बाजारों का भ्रमण किया गया और व्यापारियों को जानकारी दी कि यदि उनके द्वारा प्रतिष्ठानों में बच्चों से काम कराये जाने की सूचना मिलती है तो तत्काल कानूनी कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त झांसी मण्डल एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में बाल श्रम के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त द्वारा विशेष निर्देश दिये गये हैं कि झांसी मण्डल में आवर्त सभी जनपदों को 26 जनवरी 2026 तक बाल श्रम मुक्त कराना है।

प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नगर क्षेत्र तालबेहट के व्यापारियों के साथ बैठक कर जागरूक किया गया। जहां बाल श्रम कराया जा रहा है वहां प्रत्येक माह बाल श्रम रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है, जनपद को बाल श्रम मुक्त कराये



जाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं एवं बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित सेवायोजकों/दुकानदारों के विरूद्ध नोटिस भेजने के उपरान्त प्राभियोजन दायर करने की कार्रवाई की जा रही है, यह कार्य निरन्तर किया जायेगा और शासन के आदेशानुसार प्रत्येक माह कार्रवाई की जा रही है, जिसमें 20 से 70 हजार रुपये तक जुर्माना व 6 माह से 02 साल तक की सजा अथवा दोनो का प्रावधान है।

### बाल श्रम मुक्त कराने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे

निरीक्षण टीम द्वारा जनपद को बाल श्रम मुक्त कराने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं जिससे जनपद में बाल/किशोर श्रमिकों की संख्या काफी कम रह गयी है। निरीक्षण के समय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मानव तस्कर रोधी थाना प्रभारी मंसूर अंसारी, महिला कां.कल्पना वाजपेयी, श्रम विभाग से कुल्दीप गुप्ता, रामप्रताप सिंह एवं जिला प्रोबेशन से जयराम, चाइल्ड लाइन से शुभम शुक्ला, शुभम अहिरवार, नगर व्यापार मण्डल तालबेहट से विशेष सहयोगी के रूप में संरक्षक कमल प्रकाश शिवहरे, विजय मिश्रा, राजेश सोनी, शिशिर जायसवाल, रविन्द्र जैन, रत्नेश जैन, अंकुर जडिय़ा, बृजेन्द्र शर्मा, फूलचन्द्र रैकवार, अशोक कुशवाहा, वीरन कुशवाहा, राजेन्द्र सूर्यश, नरेन्द्र नामदेव सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

### आंकड़ों तक सीमित है अभियान

ललितपुर श्रम परिवर्तन अधिकारी और उसकी संयुक्त टीम अक्सर बाल श्रम रोकने के प्रयास व्यापारियों को जानकारी देने तक सीमित रह गई है। मंदिरों के आसपास घंटाघर चौराहा ऊसावरकर चौक पर चाय और जूस और होटल पर काम करते देखे जा सकते हैं

# अभियान में किया जागरुक निष्क्रिय खातों के 180.94 करोड़ वापस कराने की प्रक्रिया तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत विकास भवन में एक व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़े पैमाने पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खाते, बीमा दावे, म्यूचुअल फंड यूनिट्स, पीएफ एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की वास्तविक व्यक्ति की पहचान कर उन्हें उनकी अपनी पूंजी पुनः लौटाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विशाल यादव भारतीय रिजर्व बैंक, रंजीत कुमार जिला अग्रणी प्रबंधक ललितपुर ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया। विशाल यादव ने कहा कि जनपद में संचालित इस अभियान के अंतर्गत अब तक 74104 खातों की कुल राशि 180 करोड़ 94 लाख रुपये की धनराशि उनके वैध लाभार्थियों को वापस दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शिविर में जिले के सभी बैंकों से उनके जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, उ.प्र. ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम आदि एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एंटी ह्यूमेन ट्रैफिकिंग की समवन्य गोष्ठी संपन्न



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एडीएम नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण व उपस्थिति में थाना एएचटी व एसजेपीयू, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह दिसम्बर 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन स्थिति सभागार कक्ष में आहुत की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र.लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एससी एसटी एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पोस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए - बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जेजे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। सीडब्ल्यूसी, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत मिशन विकास के इतिहास में महत्वपूर्ण पड़ावः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा कनेक्ट-2047 कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य ने कहा कि विकसित भारत मिशन का औपचारिक शुभारंभ भारत के विकास के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह मिशन भारत को अपनी पूरी क्षमता दिखाने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने का अवसर देता है, जो भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक होगा।

अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से हो रही प्रगति को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि यह लक्ष्य निर्धारित समय में प्राप्त किया जा सकता है। विकसित भारत का सपना हर भारतीय के मन में बसता है। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से प्रतिनिधि के रूप में युवा




विकसित भारत युवा कनेक्ट-2047 कार्यशाला का शुभारंभ

आइकॉन अनिल कुमार ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत वह सपना है जिसे पूरा करने की चाह हर भारतीय के दिल में है। यह एक ऐसे समृद्ध राष्ट्र की कल्पना करता है, जहाँ लोगों को अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित माहौल मिले। इस दौरान एनएसएस लखनऊ से आये रोशन सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग प्रो.अनिल सूर्यवंशी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय, नोडल अधिकारी डा.ओ.पी. चौधरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान आरएमव्ही के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार, साधना नांगल, डा.वंदना याज्ञिक, नरेन्द्र सिह बुन्देला, गंगाराम, प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांश धर द्विवेदी, डा.हरीशचंद्र दीक्षित, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.संजीव कुमार शर्मा, डा.सूबेदार यादव, डा.दीपक पाठक, डा.राजेश तिवारी, डा.अवनीश त्रिपाठी, डा.बलराम द्विवेदी, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.जगत कौशिक, इं.सौरभ श्रीवास्तव, डा.राजीव निरंजन, इं.विपिन शुक्ला, डा.सुनील शुक्ला, डा.गीरेन्द्र सिंह, डा.संतोष सिंह, डा.सत्यदेव, सुकपाल, डा.वर्षा साहू, कविता पैजवार, श्वेता आनन्द, डा.प्रीति सिरौटिया, डा.रजनी चौबे, डा.जगवीर सिंह, रोहित वर्मा, संदीप श्रीवास्तव, डा.अनूप दीक्षित, डा.पराग कुमार, मनीष वर्मा, राहुल पस्तोर, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, ध्रुव किलेदार, जयंत चौबे, अंकित चौबे, रमेश पाल, कमलेश प्रजापति, राकेश प्रजापति, सुरेश, अनिल, रामसेवक, कामता प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहें। छात्र-छात्राओं में सीता, गीता, राधा, मानसी पाटकर, नैन्सी पाटकर ने महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां दी। संचालन डा.सुधाकर उपाध्याय ने व आभार कार्यक्रम अधिकारी मनीष कुमार ने किया।

### घात लगाकर मां-बेटे पर हमला

**ललितपुर।** पास के गांव सिलगन में रहने वाली गुडडी पत्नी स्व.संतोष ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 10 दिसम्बर को रात करीब 9 बजे वह अपने पुत्र सुरेन्द्र लोधी के साथ ललितपुर से अपने ग्राम सिलगन मोटर साइकिल से जा रही थी, जब वह सिलगन के पास पहुंची तो पहले से घात लगाये बैठे राजाबाबू पुत्र ऊदल, कुलदीप पुत्र छोटे ठाकुर, अरविन्द लोधी पुत्र पप्पू लोधी ने अपने अज्ञात साथियों के साथ उसकी मोटर साइकिल रोक ली और बिना कारण पुत्र से गालियां देते हुये मारपीट कर दी। जब वह जोर से चिल्लायी तो गांव के गोपाल, सौरभ बीच-बचाव करने आये तो जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

# म्युचुअल वैनीफिट निधि डायरेक्टर बन लाखों हड़पने का आरोप

**ललितपुर।** वसुन्धरा कालोनी भैंरो बाबा के पीछे सिविल लाइन निवासी राधा पत्नी रजनंदन ने एडीजे एस.सी.एस.टी. एक्ट न्यायालय में वाद दायर किया है। राधा ने कोर्ट को बताया कि 15 फरवरी 2024 को सुबह 9.30 बजे वह अपने पति रजनंदन, ससुर कमलदास, सास रामप्यारी व बच्चों के साथ घर पर थी। तभी नईबस्ती चिरागशाह के पास रहने वाले आशीष, शुभम पुत्रगण जगमोहन उर्फ बृजमोहन नामदेव आये और अपने आप को एमआरएलबी म्युचुअल वैनीफिट निधि का डायरेक्टर बताते हुये उसे व उसके पति को खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया। 15 फरवरी को उसके पति से 3 हजार रुपये, 29 फरवरी को उससे 7 हजार रुपये लिये व दोनों को एक फर्जी रिकरिंग डिपोजिट पासबुक बनाकर दी। 29 फरवरी को एक लाख रुपये फिक्स डिपोजिट सर्टिफिकेट के लिए लिया और एक फर्जी फिक्स डिपोजिट सर्टिफिकेट बनाकर दिया। 3 अप्रैल 2024 को उसके पति से 3 हजार व उससे 7 हजार रुपये, 8 मई को उससे 7 हजार रुपये पति से 6 हजार रुपये, 6 जून, 24 जुलाई को उससे रुपये लिये गये। महिला के अनुसार कुल 1 लाख 53 हजार रुपये उससे व उसके पति से लिये गये। बचत पत्रों के अनुसार उक्त राशि 28 फरवरी 2025 को ब्याज सहित प्राप्त होनी थी। लेकिन समय बीतने के बाद उक्त लोगों ने रुपया नहीं दिया। वह अपने पति के साथ इलाइट चौराहा के पास परिवार पैलेस स्थित उसके कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि कार्यालय बंद हो गया। उसने फोन कर रुपये देने की बात कही तो आशीष ने जल्द रुपये दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन कई बार रुपये मांगने पर रुपये नहीं लौटाये। आरोप है कि 31 जुलाई 2025 को सुबह करीब 9 बजे वह अपने पति, सास के साथ आशीष व शुभम के घर पहुंची, जहां रुपये मांगने पर गालियां दीं और रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

# शहजाद नदी के पुल का निर्माण आवागमन को अस्थाई मार्ग निर्माण की मांग आप ने डीएम को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि नगर के मध्य निकली शहजाद नदी के पुल का निर्माण होना है, जिस कारण पुल पर आम आदमी का आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और अप्रोच रोड निर्माण नहीं किया गया है जिससे छात्रों मजदूर किसानों और आम जनमानस को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मांग है कि तत्काल एप्रोच रोड का निर्माण कराया जाए। साथ ही स्वशासी मेडिकल कॉलेज में एक नकली डॉक्टर पकड़ा गया है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि जनपद में सभी कार्यरत चिकित्सकों के शैक्षिक प्रमाणों का सत्यापन कर कर एक बार कोर्ट जनरेट कराया जाए, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को डॉक्टरों की शैक्षिक योगदान मेडिकल कॉलेज में एक नकली डॉक्टर पकड़ा गया है। सभी संपर्क मार्गों पर व्याप्त अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, महासचिव अनूप ताम्रकार, मंत्री रमेश झा, बुद्धसिंह बुंदेला, मीना राजा, प्रमोद नामदेव एड., महेंद्र पाराशर एड., अजयसिंह एड., अनुराग सिंह आदि मौजूद थे।


## एसआईआर को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

# निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सन्दर्भ में एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम अंकित कराने और विस्थापित हो चुके मतदाताओं के नाम हटवाने के बारे में आवश्यक जानकारी एवं दिशा निर्देश दिये गये।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ सुडेले ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य



मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और पारदर्शी बनाना है। जिसमें कोई भी पात्र मतदाता मतदान करने से वंचित न हो एवं अपात्र व्यक्ति मतदान प्रक्रिया में सहभागी न हो सके। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निष्पक्ष मतदान एवं स्वस्थ लोकतंत्र के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। भारत का प्रत्येक नागरिक लोकतंत्र का एक हिस्सा है। अतः हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य है कि हम इस अभियान को सफल बनाने में भारत निर्वाचन आयोग की मदद करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनायें। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी पुरोहित, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

## खाली खजाने के चलते कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा

# जिम्मेदारों ने नपा को आत्मनिर्भर बनाने के बजाए आश्रित बना डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हाल ही में सफाई कर्मचारियों ने धरना देकर शहर की सफाई व्यवस्था रोक देने की चेतावनी दी थी। जिससे घबराकर सीएमओ और पार्षदों ने उन्हें वेतन देने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया और आनन फानन में दूसरे दिन ही उन्होंने वेतन देने की कार्रवाई भी कर दी हालांकि तीन माह का वेतन सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ नगर पालिका में कार्यरत अन्य काम कर रहे हैं कर्मचारियों का भी रुका हुआ है लेकिन सिर्फ सफाई कर्मचारियों का वेतन इसलिए दिया गया क्योंकि वह आंदोलन करने में समर्थ थे और हड़ताल कर शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर सकते थे लेकिन अन्य कर्मचारियों को अभी भी वेतन का इंतजार है हालांकि इसके लिए नपा कर्मचारी संघ ने सीएमओ को ज्ञापन देकर वेतन देने के गुहार लगाई है लेकिन नगर पालिका के खाली खजाने को देखते हुए फिलहाल उन्हें वेतन मिलने की संभावना कम ही है। यह वेतन चुंगी छती पूर्ति राशि कम आने की वजह से नहीं मिलना बताया जा रहा है। प्रश्न यह उठता है कि क्या सिर्फ चुंगी क्षतिपूर्ति के सहारे नगर पालिका की परिषद संचालित है इतने वर्षों में नगर पालिका ने ऐसे कोई संसाधन उपलब्ध क्यों नहीं किए जो नगर पालिका की आय को बढ़ा सके। ऐसा लग रहा है कि जिम्मेदारों ने नगर पालिका को आत्मनिर्भर बनाने के बजाए सरकार पर और अधिक आश्रित कर दिया है।



### अन्य कर्मचारियों ने भी सौंपा ज्ञापन

सफाई कर्मचारियों को एक माह का वेतन मिल जाने के बाद नगर पालिका में विभागीय कार्य करने वाले कर्मचारियों ने भी सीएमओ आरआर यादव को ज्ञापन सौंपते हुए उन्हें वेतन देने की मांग की है कर्मचारियों का कहना है कि बीते 3 सालों में उन्हें कभी भी नियमित रूप से वेतन नहीं मिला है हमेशा तीन माह का वेतन चढ़ जाता है जब मांग की जाती है तब एक माह का वेतन दिया जाता है। ज्ञात होगी सफाई कर्मचारियों ने विगत दिनों पहले नगर पालिका के भीतर और फिर सड़क पर उतरकर धरना देकर अपने वेतन की मांग की थी। जिसके बाद सीएम ने उन्हें दूसरी मद से वेतन उनके खातों में डलवाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया था।

### बढ़ने के बजाए कम क्यों हो रही टीटी?

जिस तरह शहरी क्षेत्र की जनसंख्या बढ़ रही है उससे नगर पालिका को चुंगी क्षतिपूर्ति (टीटी) के रूप में मिलने वाली राशि भी बढ़ना चाहिए करीब 30 साल पहले चुंगी छती पूर्ति के रूप में नगर पालिका के लिए 72 लाख रुपए प्रति माह राशि निर्धारित की गई थी जो उसकी जनसंख्या के मान से तब ठीक थी तब लगभग 40 लाख की जनसंख्या थी और अब 70 लाख से अधिक हो गई है तो लगभग दोगुनी टीटी राशि नगर पालिका को उपलब्ध होना चाहिए लेकिन बीते 2 सालों से टीटी 72 लाख के बजाय सिर्फ 50 लाख ही आ रही थी और अब तो विगत माह सिर्फ 8 लाख रुपए ही आई है जिससे वेतन तो क्या नगर पालिका के दूसरे काम चलने भी मुश्किल हो गए हैं। प्रश्न यह उठ रहा है कि टीटी राशि बढ़ने के बजाय उल्टी घट क्यों रही है। जिम्मेदारों ने इस दिशा में काम क्यों नहीं किया सरकार तक वह अपनी मांग को ठीक से प्रदर्शित क्यों नहीं कर सके। सूत्रों की माने तो टीटी का काम होना नगर पालिका की गलत रिपोर्ट कार्ड के कारण होता है सरकार रिपोर्ट कार्ड को देखते हुए टीटी कटौती करती है।

नपा कर्मचारियों को विगत 2 माह से वेतन नहीं मिलने की समस्या सिर्फ टीटी चुंगी क्षतिपूर्ति ही नहीं, बल्कि नगर पालिका द्वारा आमदनी से अधिक खर्च करना भी है। कर्मचारियों की अधिक भर्ती का भार भी नगर पालिका पर अतिरिक्त पड़ रहा है। कई कर्मचारी तो नेताओं के घरों पर सेवाएं दे रहे हैं तो कुछ तो ऑफिस वर्क के नाम पर नेताओं के फोटो खींचने ओर उनकी सोशल मीडिया को हैंडल करने का काम कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद की इस फिजूल खर्ची का भार भी नगर पालिका पर पड़ रहा है।

**इनका कहना..**

चुंगी क्षतिपूर्ति राशि कम आने के कारण कर्मचारियों को वेतन समय पर नहीं मिल रहा है। चुंगी क्षतिपूर्ति राशि कम क्यों आ रही है इस मामले में मैं खुद भोपाल जाकर उच्च अधिकारियों से चर्चा करूंगा। हमें चुंगी क्षतिपूर्ति समय पर और पूरी मिले इसके प्रयास किए जाएंगे।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

## 21 को होगा भूमि पूजन,तैयारियां शुरू

# सोंईकलां में 4 जनवरी को आयोजित होगा हिंदू सम्मेलन,समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोंईकलां कस्बे में आगामी 4 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 21 दिसंबर को भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें मंडल के सभी दस गांवों के नागरिको को आमंत्रित किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को सोंईकलां स्थित शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल में हिंदू सम्मेलन को लेकर आयोजित हुई सकल हिंदू समाज की बैठक में लिया गया। इसके साथही हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर एक समिति का भी गठन किया गया।

सर्वसम्मति से गठित सोंईकलां की िहंदू सम्मेलन समिति का संयोजक ब्रह्मानंद मीणा को बनाया गया है। जबकि सह संयोजक पूर्व जनपद सदस्य शंभू दयाल मीणा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शर्मा, सहकोषाध्यक्ष शंभू दयाल शिवहरे मनोनित किए गए है। इसके अलावा सदस्य के रूप में लक्ष्मीनारायण मीणा, बजरंग सिंह ठाकर, रामनिवास सुमन, छोटे लाल सुमन, कैलाश गौड, बीपी सिंह मीणा, मेघश्याम मीणा, नरेश मीणा, ज्ञान सिंह मीणा, सुरेश यादव, शेषावतार मीणा, रघुवीर गुर्जर, प्रकाश सुमन को समिति में शामिल किया गया है।





**कबीर बस्ती में होगा हिंदू सम्मेलन,कार्यालय का हुआ शुभारंभ**

शहर की कबीर बस्ती में भी हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए रविवार को लक्ष्मीनारायण धर्मशाला में हिंदू सम्मेलन के कार्यालय का पार्षद नत्थी बाई के हाथो विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सतीश व्यास, धर्म सेन, दिनेश साहू, निशांत अग्रवाल, मनीष प्रजापति, पवन जांगिड़, पदम सोलंकी, पारस मारू, राजेंद्र स्वर्णकार, राजेंद्र गुर्जर, रवि मेहरा, राहुल प्रजापति, महावीर आदिवासी पूर्व पार्षद सहित बडी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

# जीजा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कर अपने सालों से की मारपीट,एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक जीजा ने अपने दोस्तो को बुलाकर अपने सालों की मारपीट कर दी। जिसके बाद सालों ने भी कोतवाली थाने में जीजा और उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज करवा दी। यह मामला शहर श्योपुर का है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि जती घाट श्योपुर निवासी अशोक माहौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार की सुबह उसे उसका जीजा कमल माहौर तहसील चौराहे पर मिल गया। इस दौरान उसने जीजा से कहा कि वह उसकी बहन के साथ मारपीट क्यों करता है। इसी बात पर जीजा भडक गया और उसने अपने दोस्तो को बुलाकर मेरी और मेरे भाई की मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस ने अशोक माहौर की रिपोर्ट पर कमल माहौर, युसुफ मुसलमान,गब्बर मेवाती, शानू मुसलमान, शाहरूख मुसलमान के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# मुआवजा राशि वितरण में लापरवाही पर पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा ने प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि वितरण कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी को निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार बडौदा तहसील के हल्का नंबर 14 लूण्ड के पटवारी रामनरेश जाटव द्वारा अपने हल्का क्षेत्र के ग्रामों के क्षति पत्रक बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद भी जमा नही किये जाने के चलते निलंबन की कार्यवाही की गई है। उक्त हल्के का प्रभार हल्का नंबर 15 के पटवारी अशोक जाटव को सौपा गया है।

# चार दोस्तों ने मानवता दिखाते हुए नहर में डूब रही वृद्धा को बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीती शाम करीब 7:30 बजे का कलारना रोड पर घूमने गए चार दोस्तों ने दिलेरी और समझ का परिचय देते हुए नहर में डूब रही एक वृद्ध महिला को नहर से निकाल कर उसकी जान बचाई। बाद में 112 पर कॉल करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संबंधित वृद्ध महिला को उसके परिवार तक पहुंचाने का काम किया। जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह शाम को कलाना रोड पर घूमने गए तीन दोस्त हाशिम अली, दिलशाद, इंसाफ अली ओर माहिर अली सभी निवासी सलापुरा को खाटू श्याम मंदिर के पास नहर में कोई महिला डूबती निकलती दिखाई पड़ी। चारों दोस्तों ने समझदारी के साथ बहादुरी का परिचय देते हुए महिला की जान बचाई। इस दौरान दो दोस्त जो तैरना जानते थे नहर में कूद गए और दो ने लकड़ी के सहारे से किनारे से मदद कर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला ने अपना पता अयाना राजस्थान बताया है जो अपने किसी प्रजापति समाज के परिवार में रिश्तेदारी में कुम्हार मोहल्ला में आई है, पर महिला इतनी दूर नहर में कैसे पहुंची यह निजता के कारण जानने की कोशिश भी नहीं की गई।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और ईमानदार व्यवस्था के लिए जनता को जोड़ेंगे:वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आप के केंद्रीय नेतृत्व के दिशा-निर्देशों पर पूरे प्रदेश में संगठन विस्तार के लिए मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में रविवार को श्योपुर की श्रीराम धर्मशाला में संगठन विस्तार के लिए मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य कर्नल उमेश वर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कर्नल उमेश वर्मा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और ईमानदार व्यवस्था के लिए हम जनता को आम आदमी पार्टी से जोडने का काम करेंगे। उन्होने कहा कि आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश में 6 सूत्रीय विकास संकल्पों को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सत्ता में आने के बाद आम आदमी अपने विकास के संकल्पो को पूरा करेगी। कार्यक्रम में कई लोगो ने आप की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में स्थानीय वरिष्ठ आप नेता पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल मीना, सुमित जाट, अभिषेक मीना, रीता चौहान, रवीन्द्र मीना, संत कुमार शाक्य, बनवारी लाल कुशवाह, श्याम गौड़, प्रेमा बाई टैगोर, लाखा कुशवाहा, मुमताज खान, सतवीर बैरवा, चतुर्भुज प्रजापति, रामसुन्दर यादव, अटल बिहारी गौतम, बलवान मीना, सुशील अवस्थी सहित अन्य कई लोग आदि मौजूद रहे।



# गुरनावदा सोसाइटी पर अव्यवस्था फैलाने वाले 4 सदस्यों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्राम गुरनावदा स्थित सोसायटी पर पिछले दिनों खाद वितरण के दौरान जिन लोगो के द्वारा हंगामा करते हुए अव्यवस्था फैलाई गई थी,उन लोगो का संस्था के द्वारा पता कर लिया गया है। बताया गया है कि हंगामा करने वाले और कोई नहीं,बल्कि संस्था से जुडे चार सदस्य ही थे,जिन्हें नामजद करते हुए संस्था के द्वारा उन्हें सदस्यता समाप्त करने हेतु नोटिस जारी किए गए है।

समिति प्रबंधक बहुउद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी संस्था गुरनावदा द्वारा जानकारी दी गई है कि पिछले दिनों जब गुरनावदा सोसायटी पर सदस्यों को यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा था,तभी संस्था के 4 सदस्यों द्वारा खाद वितरण के दौरान अव्यवस्था फेला दी गई। इसलिए चार सदस्यों बंटी मीणा, सत्यनारायण मीणा, राकेश मीणा एवं नरेन्द्र मीणा निवासी शंकरपुर को संस्था की सदस्यता समाप्त करने के लिए सूचना पत्र जारी कर जवाब मांगा गया है। जिला सहकारी बैंक के नोडल ने बताया कि गुरनावदा में गत शुक्रवार को 240 किसानों को 5-5 बैग यूरिया खाद का वितरण किया गया तथा आज रविवार को भी 30 मीट्रिक टन यूरिया गुरनावदा सोसाइटी पर पहुंचाया गया है।

# कलेक्टर मंगलवार को अगरा में करेंगे जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा मंगलवार 16 दिसंबर को विजयपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम अगरा में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम उप तहसील अगरा के सभागार में दोपहर 11 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई करते हुए आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। श्योपुर जिला मुख्यालय से अगरा तहसील विजयपुर की दूरी को दृष्टिगत रखते हुए तथा आमजन को सुविधा के साथ उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार को अगरा में जनसुनवाई आयोजित की गई है।

## कोर्ट द्वारा कराए गए सत्यापन में हुई सच्चाई उजागर

# सच्चाई छिपाकर वक्फ पर इज़रा के लिए लगाया प्रकरण अदालत ने किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश ऋचा भट्ट श्योपुर की अदालत ने एक ऐसा फैसला दिया है जिसकी चर्चा पूरे कोर्ट परिसर में रही। दर असल न्यायालय में खातौली तिराहा स्थित मजार मिट्ठे शाह की वेश कीमती भूमि को ओकाफ की बताकर डिग्री हासिल कर ली थी और बाद में इजरा (फैसले का पालन कराना) के लिए कोर्ट में आवेदन लगा दिया लेकिन सुनवाई के दौरान यह निकलकर सामने आए कि जिस ज़मीन पर जिन दो पक्षों के बीच फैसला हुआ है दरअसल वो संपत्ति तो तीसरे पक्ष वक्फ की निकली। मद्द्यून के शपथ पत्र के बाद अदालत ने खुद सच्चाई जानने के लिए परीक्षण कराया जिसमें मद्द्यून का दावा सही पाया गया। मद्द्यून के शपथ पत्र ओर मौका पंचनामा के आधार पर डिग्रीधारी का इज़रा आवेदन पर अदालत ने प्रकरण समाप्त कर दिया।

मद्द्यून रशीद मोहम्मद के वकील नौशाद एहमद ने बताया कि उसके मुवक्किल के खिलाफ निचली अदालत में केस जितने के बाद जलालुद्दीन शाह ने अदालत के आदेश पर डिग्री हासिल कर ली थी लेकिन उसका मुवक्किल केस की नौईयत को अच्छे से समझ नहीं पाया था। बाद में जलालुद्दीन ने डिग्री का पालन कराते हुए अदालत में इजरा के लिए आवेदन करते हुए जलालुद्दीन ने वकील के माध्यम से अदालत को बताया कि जिस प्रकरण में उसे डिग्री हासिल हुई है उसमें इजरा नहीं होने से रसीद ज़मीन पर काबिज दुकानदारों से किराया वसूल कर रहा है। इस दौरान रसीद ने पूर्व वकील बदलकर नौशाद एहमद को अपनी पैरवी के लिए अधिकृत कर लिया। अदालत को रशीद ने वकील के माध्यम से बताया कि उसका ओर जलालुद्दीन का अदालत में प्रकरण मजार पर मुजाबिर नियुक्त करने को लेकर था लेकिन उसने वहां बनी दुकानों और अतिक्रमणकारियों से कभी किराया नहीं वसूला जो दुकानें वहां बनी हैं वो तो वक़्फ़ बोर्ड की हैं और वक़्फ़ बोर्ड ही उसका किराया वसूल करता है। इस संबंध में रशीद ने शपथ पत्र भी दिया था। सच्चाई जानने के उद्देश्य से अदालत ने मौके पर कर्मचारी भेजकर जांच कराई जिसमें यह जानकारी निकलकर सामने आई कि रसीद की बात सही है किसी ने भी वहां रशीद को किराया देने की बात नहीं बताई न्यायालयीन कर्मचारियों द्वारा बनाए गए पंचनामा ओर रशीद शाह के शपथ पत्र के आधार पर डिग्री हासिल किए गए भूमि सर्वे नंबर 27/1, 27/2, 27/3, 27/7, 27/8 एवं 27/12 पर लगाया गया इजरा का आवेदन पर प्रकरण ही समाप्त कर दिया गया।

### वक्फ कमेटी को पता ही नहीं चला और उसकी जमीन पर हो गई डिग्री

इस मामले में रोचक बात यह है कि जिस जमीन पर डिग्री मिली है उस जमीन पर वक्फ बोर्ड ने दुकानें बनाई हुई है और उसका वक्फ कमेटी विधिवत किराया भी वसूल रही है जो जिन नंबरों पर प्रकरण अदालत ने समाप्त किया है और मैं 27 बात 8 भी शामिल है जिस पर बोर्ड की दुकानें बनी हुई है जिसमें मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड कमेटी के माध्यम से किराएदारों से किराया रसूल कर रहा है। पर इस प्रकरण में वक्फ कमेटी कहीं पार्टी ही नहीं बनी। राशिद शाह और जलालुद्दीन के बीच चले इस प्रकरण में कमेटी को शामिल किए बिना डिग्री हो गई इसकी जानकारी वक्फ कमेटी को होने के बाद पता चला।

## नो मैपिंग व अनकलेक्टेबल मतदाताओं के पुनः सत्यापन का कार्य जारी

# श्योपुर पहुंचे चंबल कमिश्नर,एसआईआर कार्य का किया रिव्यू, बोले नाम जुडवाने भर सकते है फार्म-6

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसआईआर अंतर्गत ऐसे मतदाता जो नो मैपिंग तथा अनकलेक्टेबल की श्रेणी है, उनका पुनः सत्यापन कार्य बीएलओ के माध्यम से कराया जा रहा है, इस कार्य में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए भी सहयोग प्रदान करें। मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए फार्म-6 भरा जा सकता है। यह बात चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार ने कही। वे रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में जारी एसआईआर कार्य की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, विजयपुर अभिषेक मिश्रा सहित तहसीलदारगण तथा भाजपा से कैलाशनारायण गुप्ता एवं दिनेश दुबोलिया, कांग्रेस से सुमेर सिंह, बीएसपी से विकास कुमार, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष अनिल मीणा आदि उपस्थित थे।

कमिश्नर एवं एसआईआर प्रक्रिया के रोल आर्ब्जवर सुरेश कुमार ने कहा कि श्योपुर जिले में एसआईआर का 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है, कुल 5 लाख 16 हजार 986 मतदाता है, जिनमें से 2 लाख 68 हजार 753 पुरूष एवं 2 लाख 48 हजार 230 महिला मतदाता शामिल है, इसके साथ ही 03 थर्ड जेण्डर मतदाता भी है। जिले का जेण्डर रेश्यो 923.64 है, कुल मतदाताओं में से 4 लाख 83 हजार 642 मतदाताओं का सत्यापन कर फार्म कलेक्ट किये गये है, 33 हजार 344 अनकलेक्टेबल मतदाता है, जिनका बीएलओ के माध्यम से पुनः सत्यापन कराया जा रहा है। राजनैतिक दलों के बीएलए भी सत्यापन कार्य में सहयोग प्रदान करें।



### एसआईआर में नाम नहीं तो जुड़वा सकते हैं मतदाता सूची में नाम

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिले के ऐसे मतदाता जो मतदान हेतु पात्र है, परंतु वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नाम न होने से उनका नाम विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में नही आया है। वे सभी मतदाता फार्म-6 भरकर एवं उसके साथ घोषणा पत्र बीएलओ को जमा कर अपना नाम जुड़वा सकते है। यदि किसी प्रकार का संशोधन या स्थानांनतरण है तो क्रमशः फार्म 7 एवं 8 भर सकते है। बीएलओ को फार्म उपलब्ध करा दिये गये है। मतदाता एप के माध्यम से भी ऑनलाइन नाम जुड़वा सकते है।

### 19397 वोटर शिफ्टेड, 6661 मतदाताओं की हो गई मृत्यु

कमिश्नर सुरेश कुमार ने कहा कि श्योपुर जिले में 33 हजार 344 अनकलेक्टेबल मतदाता है,इनमें 1385 डबल दर्ज है, 19 हजार 397 मतदाता शिफ्टेड की श्रेणी में है तथा 6 हजार 661 की मृत्यु हो चुकी है। इसके अलावा 5 हजार 740 मतदाता अनट्रेसेबल है। उन्होंने कहा कि 23 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के साथ ही दावे-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू होगी। यह कार्य 22 जनवरी 2026 तक किया जायेगा। दावे-आपत्तियों के निराकरण उपरांत 21 फरवरी को फायनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैठक में जानकारी दी कि जिले में एसआईआर का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा 18 दिसंबर तक नो मैपिंग एवं अनकलेक्टेबल मतदाताओं के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जिले की दोनो विधानसभाओं में 32 नवीन मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव को आयोग द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

## ढोढर कस्बे की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# ससुराल में रह रहे दामाद ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लगाई फांसी,मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोढर कस्बे में अनाज मंडी के पीछे रहने वाले एक युवक ने बीती शाम को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। ढोढर मृतक युवक का ससुराल है और वह यहां अपने बीबी बच्चो के साथ रह रहा था। ढोढर थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर फांसी लगाए जाने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम कूंडहवेली निवासी मुकेश 40 वर्ष पुत्र गिरधारी माली की यहां ढोढर में ससुराल है और वह करीब तीन चार साल से ढोढर में अनाज मंडी के पीछे भैरोजी मंदिर के पास रहता है। शनिवार की शाम को जब घर पर कोई नहीं था,तभी मुकेश माली ने घर के अंदर पाइप से लटकर फांसी लगा दी। जिसका पता उसकी पत्नी के सब्जी बेचने के बाद घर लौटने पर चला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करने के बाद शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और जिला अस्पताल ले जाकर उसका पीएम करवाया। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि पीएम के बाद शव परिजन को सौप दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चन्देरी थाने की पुलिस ने ग्राम डुंगासरा निवासी घासीराम बंजारा के घर के पीछे से 60 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत शाहपुर निवासी अग्रेज सिंह सिक्ख के पास से पुलिस ने 7 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### शराब के क्वार्टर पुलिस ने बरामद किए

**अशोकनगर।** जिले की बहादुरपुर पुलिस ने ग्राम कुकावली और हारूखेडी मार्ग पर जितेन्द्र यादव के पास से 122 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए है और साथ में एक बाईक बरामद की है। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने धर्मेन्द्र कोरी निवासी बरखेडी के पास से 20 देशी मदिरा के क्वार्टर जप्त किए हैं। कोतवाली पुलिस ने ही अम्बेडकर कॉलोनी निवासी भवानी अहिरवार के पास से 17 अंग्रेजी शराब के क्वार्टर जप्त किए हैं।

### शासकीय कार्य में बाधा डालकर पीटा, केस दर्ज

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैलाबाग कॉलोनी में कनिष्ठ यंत्री उज्जवल बारंगे जब अवैध रूप से तार डालकर विधुत की चोरी की जानकारी मिलने के बाद मौके पर गए थे तब आरोपी प्रगटसिंह और नरेन्द्र सिंह द्वारा उनसे मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी, शासकीय कार्य में बांधा डाली और उनका वाहन तोड़ दिया।

### 3 लाख 60 हजार की धोखाधड़ी का केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने की पुलिस ने तिलक उपाध्याय पुत्र सालिगराम उपाध्याय निवासी ग्राम सकवारा, वर्तमान निवास जागेश्वरी मोहल्ला चंदेरी ने 1 अक्टूबर से 12 दिसम्बर के बीच शासकीय सहकारी समिति से खाद वितरण प्राप्त किया। जिसकी राशि 3 लाख 60 हजार रूपए होती है। जिसका गमन कर धोखाधड़ी की गई। राजेन्द्र सिंह जाटव निवासी तुलसी कॉलोनी स्टेशन रोड मुंगावली, हाल चन्देरी की रिपोर्ट पर से पुलिस ने यह धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटनाओं के दो प्रकरण किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किए गए है। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी शिशुपाल पुत्र रामकिशन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सारसखेडी पुलिस चैकी के पहले 1 सफेद रंग की कार जिसका नम्बर एमपी08 जेडए 6555 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी इस घटना में सुनील पुत्र भैयालाल उम्र 40 साल की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। दूसरी घटना में रामवीर जाटव ग्राम खिरियादेवत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 1 सफेद रंग की बोलेरो पिकअप वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम गुढ़ाटांका निवासी अरबिंद पुत्र अनंदी आदिवासी उम्र 30 साल रात को अपने घर मे सो रहा था। सुबह जब उसे उठाया तो वह मृत अवस्था में मिला, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### 36 वर्षीय युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ कस्बे के वार्ड क्रमांक 11 के निवासी 36 वर्षीरू जमनालाल पुत्र हरिराम का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला है। उसके पैर पेड़ के नीचे बनी एक छोटी से मढ़िया के ऊपर थे। मृतक पिछले 3 दिनों से अपने घर नहीं पहुंचा था पुलिस ने मृतक का शव फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

---

पंच कल्याणक प्रतिष्ठाः आदिकुमार की बारात में कईं देशों के राजा शामिल हुए

# नीलांजना की नृत्य में मृत्यु होते ही आदिनाथ राजपाट छोड़कर वन गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शनिवार को तप कल्याणक दिवस था। इस पंच कल्याणक दिवस में युवराज आदिकुमार के जब विवाह का मौका आया तब कईं देशों के राजाओं को बुलाया गया। विवाह में कईं देशो के राजा शामिल हुए। नीलांजना के नृत्य का आयोजन भरे दरबार में किया गया था इस दरबार में नीलांजना की नृत्य करते करते मृत्यु हो जाती है। इस मृत्यु को होता देख आदिकुमार बैराग्य के पथ पर चलने का निर्णय कर लेते हैं और वह मुनि रूप धारण कर तपस्या के लिए निकल पड़ते हैं। पंच कल्याणक मे तप की महिमा दिखाई गई। पंच कल्याणंक प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन पुंगव मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में किया जा रहा है। प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया और उनके सहयोगी के रूप में मुकेश भैया के निर्देशन में यह आयोजन पुरानी गल्ला मण्डी में आयोजित हो रहा है। इस आयोजन ने एक बार फिर 33 वर्ष पुरानी यादों को ताजा कर दिया है। इस तप कल्याणक दिवस के दिन विभिन्न पूजाएं की गईं। महाराजा नाभिराय के पुत्र आदिकुमार जब वन को जाने लगते हैं तब उनके माता और पिता का बुरा हाल हो जाता है और वह संगीत के माध्यम से कहते हैं कि न जाओ वन, न जाओ वन जिसका चित्रण इस मंच पर दिखाया गया। तप कल्याणक की आंतरिक क्रियाएं पूरी की गंइं।

**शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी मंदिर में प्रतिमाओं को दीक्षा मंत्र दिए गए** इस सम्पूर्ण आयोजन के मौके पर स्थानीय श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर में नवीन प्रतिमाओं को दीक्षा मंत्र प्रदान किए गए। इस जिनालय में भगवान शांतिनाथ स्वामी की 17 फीट ऊंची प्रतिमा उनके आसन के साथ लाई गई है। इसके अलावा भगवान कुंथनाथ और अरह नाथ भगवान की 11 -11 फुट ऊंची प्रतिमाएं पहुंची हैं। इन्हें भी दीक्षा मंत्र दिए गए। मुनिश्री ने इन प्रतिमाओं को पहनाए गए कपड़ों को हटाया और दीक्षा मंत्री दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड इस स्थान पर जमा थी। मुनिश्री ने अपने मंगल प्रवचनों में तप कल्याणक की महिमा से अवगत कराया। पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के माध्यम में अशोकनगर के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन गांव मंदिर, श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी मंदिर, श्री आदिनाथ जिनालय गंज मंदिर और श्री पाश्र्वनाथ जिनालय में नवीन प्रतिमाओं की वेदी प्रतिष्ठा इस आयोजन में हो रही है। लगभग 200 प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हो रही हैं।

**विश्व शांति महायज्ञ में कल 15 दिसंबर को फिरेगी गजरथ की फेरी** परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भ इया के निर्देशन में चल रहे श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव आज प्रातः काल से ही भक्तों की दौड़ अयोध्या नगरी की ओर चल रही थी जहां सौधर्म इन्द्र वने सुमत अखाई कुबेर इन्द्र वने शैलेन्द्र दददा महाराजा नाभी राय वने राकेश अमरोद महा यज्ञ नायक सौरव बाझल दारा जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की।

**अतीत के पुण्य से हम कुछ दिन चलकर नये नये पुण्य प्राप्ति के मार्ग खोजें** इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि अतीत के पुण्य वाले का दिन अच्छा निकलता शाम अच्छी नहीं निकलतीं अतीत का पुण्य है अब वर्तमान के पुण्य को बढ़ाना बहुत जरूरी है अतीत की कमाई में यदि तुम ने वर्तमान के पुण्य को शामिल नहीं किया तो वे ज्यादा समय तक नहीं चलता ऐसे ही पूर्वजों की इजाजत मिली यदि तुम ने पूर्वजों की इजाजत में तुमने अपनी स्वयं के प्रयास से कुछ नहीं जोड़ा तो अच्छे अच्छे लोगो को कोई जय जिनेन्द्र नहीं करता राम राम तक नहीं करता अपने कुल की इजाजत को बढ़ाने के लिए कुछ ना कुछ जरूर करना ऐसे ही जो संस्कार तुम्हारे पूर्वजों से मिले उसमें कुछ ना कुछ वढ़ना कर करना तुम्हारे पिता के क्या थे उसमें एक नियम कायदे से एक नियम को जोड़ने है

**आज ज्ञान कल्याणक महोत्सव का आयोजन होगा** इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि कल भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा जिसमें महा मुनि राज की आहार चर्या होगी प्रातः काल मंगलाष्टक के साथ महा पूजन इसके बाद भगवान के ज्ञान कल्याणक की महा पूजन हुए पंद्रह दिसंबर को भगवान के निर्वाण कल्याणक के साथ दोपहर में एक बजे से परम पिता भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य गजरथ महामहोत्सव का आयोजन होगा। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई आदि मौजूद थे।

### विवाह में नृत्य के दौरान मृत्यु देखकर आदिकुमार वन को प्रस्थान कर गए




शनिवार को तप कल्याणक के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बालक रिषभ देव का जन्म अयोध्या नगरी में हुआ था जब वह मुनि के मार्ग पर चले तब उन्हें दीक्षा के 1 वर्ष 39 दिन बाद आहार मिला। वन में जाने के बाद उन्होंने भरत को राज्याभिषेक दिया और बाहुबली को युवराज पथ पर स्थापित किया। महाराज नाभिराय इन्द्रों द्वारा लाई गई सूदर्शना नामक पालकी पर आरूढ होकर वन में जाते हैं तभी पालकी को कौन उठाएगा इस पर बहस होने लगती है तब वह सभी पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के पास पहुंचते हैं कहते है कि मुनिश्री आप ही इसका निर्णय करें तब मुनिश्री के द्वारा पालकी ले जाने के लिए अपनी देशन दी गई जिससे सभी सहमत हुए। भगवान रिषभदेव गर्भ से ही अवधि ज्ञानधारी थे। यह तप कल्याणक दीक्षा कल्याणक के रूप में भी जाना जाता है जहां राज पाट और सभी सुखों को त्यागने के रूप में भी जाना जाता है। यह आत्म कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आत्मा के उद्धार के लिए कठोर तपस्या और ध्यान का मार्ग कहा जाता है।

---

ग्राम भरछा में शनिवार देर रात हुआ हादसा

# अनियंत्रित ट्रक मकानों में घुसा डेढ़ दर्जन बकरियों की हुई मौत


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शनिवार देर रात ललितपुर की ओर से खिमलासा की तरफ आ रहा एक खाली ट्रक ग्राम भरछा में अनियंत्रित होकर रिहायशी इलाके में घुस गया। ट्रक ने मन्दिर सहित एक के बाद एक तीन मकान में टक्कर मारने के बाद रुक गया। दुर्घटना से करीब डेढ़ दर्जन बकरियों की मौके पर मौत हुई है। हालांकि गनीमत रही की दुर्घटना के दौरान घरों में मौजूद लोगों को किसी प्रकार की शारीरिक चोट नहीं आई और कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक यूपी 94 टी 6498 ललितपुर की ओर से पीर घाट होते हुए ग्राम भरछा पहुंचा था। तभी गांव के एक मोड़ पर रात करीब 10:30 बजे चालक से ट्रक अनियंत्रित होकर रहवाशी इलाके में जा घुसा और तीन मकानों से टकरा गया। हादसे में चंद्रभान चढ़ार के मकान के बाहर दहलान में बंधी करीब डेढ़ दर्जन बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा मकान को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं पास ही स्थित माता मंदिर का गुंबद भी ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे में चंद्रभान चढ़ार, हन्नू चढ़ार, किशन पटेल के मकान को नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही खिमलासा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और मामला जांच में ले लिया है।

खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने बताया कि ट्रक की स्टेरिंग फेल हो जाने से ट्रक अनियंत्रित हो गया था। उन्होंने बताया की ट्रक खाली एवं रात का समय होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया है। घटना में ट्रक चालक भी घायल हुआ है। जिसे सिविल अस्पताल बीना मे भर्ती कराया गया है। चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है।

### नगर परिषद दिनारा में वार्डों की सीमाओं के अवधारणा संबंधी प्रस्तावों का प्रकाशन



**दिनारा।** दिनारा नगर परिषद दिनारा में वार्डों की सीमाओं के अवधारणा संबंधी प्रस्तावों का प्रकाशन किया गया है। मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 के तहत नगर परिषद दिनारा में 12 राजस्व ग्रामों को शामिल कर 15 वार्ड बनाए गए हैं। इन वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तहसील कार्यालय करैरा और जनपद पंचायत कार्यालय करैरा में आम जनता के अवलोकन के लिए उपलब्ध हैं। लोग 12 दिसंबर 2025 से 22 दिसंबर 2025 तक कार्यालयीन समय में अपने दावे, आपत्ति और सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावे या आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। नगर परिषद दिनारा के वार्ड विस्तार के लिए जनसंख्या के आधार पर सीमाओं का निर्धारण किया जा रहा है, जिसमें दिनारा, गौरा, बदरखा, दबरा दिनारा, जरगवां अब्बल, चंदावरा, दाबरदेही, अम्बारी, अलगी, आवास, सेवडीकलां और सेवडीखुर्द शामिल हैं।

---

# एसडीओपी पिछोर शर्मा ने रात्रि में थाना मायापुर पहुंचकर किया औचक निरीक्षण



**पिछोर।** मायापुर थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों को चैक करते हुये की जा रही कार्यवाहीयों के संबंध मे निर्देश दिये। रात्रि के समय पुलिस गस्त अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण व कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 13-14.12.2025 की रात्रि मे एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा थाना मायापुर का औचक निरीक्षण किया। एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्रि गस्त को चैक करते हुये थाने का औचक निरीक्षण कर निम्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिये।

1. रात्रि ड्यूटी में आरक्षक सर्वेश शर्मा थाने पर उपस्थित मिले एवं बुलाने पर थाना प्रभारी आये। 2. थाने की हवालात में कोई बंदी नहीं पाया गया। 3. थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर चेक कर टीप अंकित की गई। 4. रात्रि गश्त में लगे बल को सतर्कता से गश्त करने के निर्देश दिए गए। 5. थाना परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई का जायजा लिया। 6. वारंट तामीली के लिये निर्देशित किया। 7. अवैध गतिविधियों मे संलिप्त लोगों पर कार्यवाही के लिये बताया । 8. थाने के सभी सीसीटीवी कैमरे चालू पाए गए।

---

# अधिकारियों की लापरवाही, गो सेवकों ने निभाई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दिनारा राजमार्ग पर एक गौ माता का शव तीन दिनों तक सड़क किनारे पड़ा रहा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को फोन कर सूचना दी, लेकिन किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं हुई। अधिकारियों की इस घोर लापरवाही से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया।

जब बस्तीवासियों को कहीं से सहायता नहीं मिली, तब उन्होंने गौ सेवक कल्लू महाराज को फोन किया। सूचना मिलते ही कल्लू महाराज तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने समाजसेवी पुष्पेंद्र लोधी से संपर्क कर अपनी जेसीबी मशीन लेकर आने का आग्रह किया।

समाजसेवी पुष्पेंद्र लोधी बिना किसी देरी के अपनी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे। इसके बाद गौ सेवकों द्वारा विधि-विधान से गौ माता का



सम्मानपूर्वक दफन संस्कार किया गया।

इस अवसर पर गौ सेवक कल्लू महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी टोल टैक्स के नाम पर आम जनता से करोड़ों रुपये वसूलते हैं, लेकिन सड़कों की निगरानी नहीं करते। सड़क किनारे गौ माता जैसे पवित्र पशु का शव पड़ा रहना अत्यंत शर्मनाक है। यदि किसी मनुष्य के साथ दुर्घटना हो जाती है, तो तुरंत एंबुलेंस पहुंच जाती है, लेकिन गौ माता के लिए न केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार के पास कोई व्यवस्था है।

समाजसेवी पुष्पेंद्र लोधी ने कहा कि उनकी जेसीबी मशीन गौ माता की सेवा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहती है। उन्होंने बताया कि उनके पास शिवम होटल भी है, जहां जरूरतमंद और गरीब लोगों को निशुल्क भोजन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा और गौ सेवा उनके जीवन का उद्देश्य है।

गौ सेवक कल्लू महाराज ने यह भी कहा कि उनके क्षेत्र में समाजसेवी पुष्पेंद्र लोधी और शिवम लोधी हमेशा गौ माता की सेवा में आगे रहते हैं और कभी पीछे नहीं हटते।

अंत में कल्लू महाराज ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई गई, तो गौ सेवकों का आंदोलन एक चेतावनी की चिंगारी बनेगा। उन्होंने कहा कि हम गौ माता के सेवक हैं, हम किसी से डरते नहीं।

---

जिले के विकास कार्य गिनाए, कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री शुक्ला ने दी जानकारी

# प्रभारी मंत्री ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियां गिनाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस कान्फ्रेंस में राज्य सरकार तथा जिले की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई।

प्रभारी मंत्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास भी, विरासत भी और सबका साथ-सबका विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृत-संकल्पित हैं। राज्य सरकार मध्यप्रदेश को विकास की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए प्राण-प्रण से काम कर रही है। सभी क्षेत्रों में विकास के अभूतपूर्व काम हुए हैं। दो वर्ष का हमारा कार्यकाल अनेकानेक उपलब्धियों से भरा हुआ है। उन्होंने जिले के समग्र विकास की रूप रेखा तैयार कर जिले को नई ऊचाई तक ले जाने हेतु समन्वित विकास पर जोर दिया।

**सडकों के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां** जिला अशोकनगर अंतर्गत विगत दो वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा 179.84 कि.मी. (राशि रू. 139.74 करोड़ की लागत से) लंबी सड़कों का निर्माण तथा 149.17 कि.मी. लंबाई में रू. 19.23 करोड़ की लागत से मार्गो का बी.टी. नवीनीकरण कार्य कराया गया है। म.प्र. ग्रामीण सडक विकास



प्राधिकरण पीआईयू 1 एवं 2 अशोकनगर द्वारा विगत 02 वर्षों मैं 34.54 कि.मी. (राशि रु. 24.43 करोड़ की लागत से) लंबी सड़कों का निर्माण कराया गया है। नगरीय क्षेत्र में विगत दो वर्ष में 63.3 कि.मी. (राशि रु. 35.94 करोड़ की लागत से) लंबी सड़कों का निर्माण कराया गया है।

**प्रगतिरत कार्य** कुरवाई मुंगावली-चन्देरी राष्ट्रीय राजमार्ग (346 81.30 कि0मी0 लम्बाई का) लागत राशि 219.73 करोड़ से निर्माण कार्य जून 2026 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के अन्तर्गत लुकवासा ईसागढ़ चन्देरी राजघाट मार्ग का उन्नयन एवं चैड़ीकरण का कार्य (72.955 कि.मी. की लम्बाई 201 करोड़ लागत से) कराया जा रहा है। इस मार्ग की चैड़ाई 5.5 मी. से 10 मी. किया जाना प्रस्तावित हैं, यह कार्य दिनांक 30.06.2027 तक पूर्ण होना है।

**नदियों पर पुलों का निर्माण** जिला अशोकनगर अंतर्गत विगत दो वर्षों में लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग ग्वालियर द्वारा खाकलोन देवचर्ची मार्ग में बेलन नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण (लंबाई 90 मी. एवं राशि रूपये 371.46 लाख) एवं जिला अशोकनगर में बक्सनपुर से कुकरेठा मार्ग में और नदी पर जलमग्नीय पुल निर्माण (लंबाई 105 मी. राशि रूपये 442.58 लाख) पूर्ण कार्य किया गया। म.प्र. ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण पीआईयू 1 एवं 2 अशोकनगर अंतर्गत 416.25 मी. लंबाई राशि रु. 16.16 करोड़ की लागत से पुलों का निर्माण किया गया है।

### 186 नल जल योजनाओं पर कार्य

जिला अंतर्गत विगत दो वर्षों में 186 नल जल योजनाओं में 90.34 करोड की लागत से कार्य पूर्ण कर नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है, एकल नल जल योजना के माध्यम से 52813 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। जिले में नल जल योजना के संचालन कार्यों में महिला स्व. सहायता समूह को आत्मनिर्भर जल सखी के रूप में जोड़ने की पहल की गई है। जल जीवन मिशन अंतर्गत राजघाट समूह जल प्रदाय योजना परियोजना लागत 1537.72 करोड़ से प्रारंभ की गई है। वर्तमान में 76 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है।

**आवास (शहरी)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत जिले की समस्त नगरीय निकाय क्षेत्र में विगत दो वर्ष में 5452 हितग्राही लाभान्वित होकर 852 आवास निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

**ग्रामीण आवास आवास** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत विगत 02 वर्ष (वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25) में 19792 हितग्राहियो को आवास का लाभ दिया गया है जिसमें से 6558 आवास पूर्ण हो चुके है शेष 13234 आवास प्रगतिरत है। आवास प्लस की प्राथमिकता सूची में 18825 हितग्राहियो शेष हैं।

**माँ जागेश्वरी लोक** मुख्यमंत्री द्वारा श्रीकृष्ण पर्व चंदेरी के अवसर पर माँ जागेश्वरी लोक की घोषणा के कार्य को प्रारंभ किया गया है। चंदेरी में माँ जागेश्वरी लोक का निर्माण 20 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। प्रथम चरण में 05 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

**जिला प्रशासन का नवाचार** जिला प्रशासन द्वारा अशोकनगर जिले में हृदय अभियान एवं रेवा शक्ति अभियान के नवाचार किये गये है। हृदय अभियान का उद्धेश्य कुपोषण को नगण्य करना, शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव, मातृ मृत्यु दर को नगण्य करना, शत प्रतिशत शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ना, 16 से 18 वर्ष के बच्चों को रोजगार से जोड़ना, हृदय अभियान में 6 से 14 वर्ष के शाला त्यागी बच्चों को मुख्य धारा से जोडना, समस्त गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, हाईरिक्स माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर सुरक्षित प्रसव कराना है।

### विद्युत के क्षेत्र में

जिला अंतर्गत विगत दो वर्षों में 03, 33/11 केव्ही. उपकेन्द्रों का निर्माण आरडीएसएस योजना में किया गया जिनकी लागत रु. 8.48 करोड़ है। वर्तमान में कुल 61, 33/11 केव्ही. उपकेन्द्र जिले में संचालित है। आरडीएसएस योजना में 76 फीडर सेपरेशन हेतु प्रस्तावित हैं जिनमें से 44 फीडर का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष 32 फीडरों का कार्य प्रगति पर है।

### आंगनबाडी

पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में 33 नवीन आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किये गये है। जिले में 45 आंगनबाड़ी केन्द्र लागत राशि 513.48 करोड़ से नवीन भवनों का निर्माण किया गया है। सक्षम आंगनबाड़ी जिला अंतर्गत 258 आगंनवाडी केन्द्रों को उन्नत किया है।